दिन– सोमवार | दिनांक– 13 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनकी सरकार इतिहास बनाने जा रही है।

02 नारी वंदन अधिनियम पास कराने के लिए विशेष सत्र सोलह अप्रैल से। भाजपा ने सभी सांसदों की उपस्थिति के लिए व्हिप जारी किया।

03. प्रदेश में नई सरकार के लिए तैयारियां अंतिम चरण में। कल होगी एनडीए विधानमंडल दल की बैठक।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने लैंड फोर जॉब्स मामले में दर्ज केस को रद्द करने से किया इनकार। पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद को अदालत में पेशी से मिली छूट।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा।

–––बाइट–––

भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े दिनों में से एक निर्णय लेने जा रहा है मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि 21वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णय में से एक महत्वपूर्ण निर्णय ये है नारी शक्ति को समर्पित है, नारी शक्ति बंधन को समर्पित है। हमारे देश के सांसद एक नया इतिहास रचने के करीब है, एक ऐसा नया इतिहास जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण, अति–आवश्यक है। श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी, लोकतंत्र को मजबूत करती है। श्री मोदी ने कहा कि पंचायती राज संस्थान महिला नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान में 14 लाख से अधिक महिलाएं स्थानीय, सार्वजनिक निकायों में सेवाएं दे रही हैं।

–––बाइट–––

आज भारत में 14 लाख से अधिक महिलाएं लोकल गवर्नमेंट बॉडी में सफलतापूर्वक काम कर रही है। लगभग 21 राज्यों में तो पंचायतों में उनकी भागीदारी करीब–करीब 50ः पर पहुंच चुकी है। लाखों महिलाओं की राजनीति और सामाजिक जीवन में ये सक्रियता दुनिया के बड़े–बड़े नेताओं और राजनीति के विशेषज्ञों को भी बहुत ही हैरान करने वाली बात होती है और इससे भारत का बहुत गौरव बढ़ता है।

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिला सशक्तिकरण, आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक भागीदारी को सुनिश्चित करता है।

–––बाइट–––

नारी शक्ति वंदन अधिनियम हमारी मातृ शक्ति के वर्षों के संघर्ष और साधना की लोकतांत्रिक सिद्धि का महापर्व है यह महिलाओं के आत्म सम्मान और लोकतांत्रिक भागीदारी को सुनिश्चित करने वाला युगांतरकारी परिवर्तन है माननीय प्रधानमंत्री जी आपने हमें यह दृष्टि दी है जिससे आज भारत की बेटियां विकास रथ की ध्वजवाहक बन रही हैं और आपके वूमेन लीड डेवलपमेंट के विजन के साथ विश्व पटल पर अपनी नई पहचान स्थापित कर रही है

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नारी वंदन कार्यक्रम से हर शक्ति को सम्मान देने का काम हुआ है।

–––बाइट–––

---

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के तैंतीस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले नारी वंदन अधिनियम को पास कराने के लिए सरकार ने सोलह से अठारह अप्रैल को संसद की विशेष सत्र बुलाये है। भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के सभी सांसदों को विशेष सत्र के दौरान उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने विशेष सत्र बुलाने की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान संसद का विशेष सत्र बुलाना राजनीतिक लाभ लेने की चाल है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक कल होगी। कैबिनेट विभाग के अपर सचिव अखिलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी कर बताया है कि बैठक पटना स्थित मुख्य सचिवालय में सुबह ग्यारह बजे से आयोजित

होगी। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आखिरी कैबिनेट बैठक है।

–––बाइट–––

इधर, राज्य में नई सरकार के गठन के लिए प्रयास अंतिम चरण में पहुंच गये हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। श्री सिंह ने कहा कि वे दिये गए दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे।

–––बाइट–––

---

नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक कल बुलाई गयी है। बैठक में दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि कल ही एनडीए विधानमंडल दल की बैठक होगी।

–––बाइट–––

वहीं, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि कहीं कोई समस्या नहीं है।

–––बाइट–––

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि भाजपा की अनुशंसा पर एनडीए विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि एनडीए विधायक दल का नेता ही मुख्यमंत्री होगा।

---

लैंड फोर जॉब्स मामले में सीबीआई की ओर से पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ दर्ज मामले को खारिज करने से सर्वोच्च न्यायालय ने इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए श्री प्रसाद को व्यक्तिगत रूप से निचली अदालत में पेशी से छूट दी है।

---

सरकार घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की शत प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में  संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि देश भर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हेराफेरी को रोकने के लिए ओटीपी आधारित घरेलू एलपीजी वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

---बाइट---

उन्होंने बताया कि पिछले महीने की 14 तारीख से अब तक 1 लाख 82 हजार टन से अधिक एलपीजी की वाणिज्यिक बिक्री दर्ज की गई है।

---

महान गायिका आशा भोसले का अंतिम संस्कार मुंबई के शिवाजी पार्क में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। प्रतिष्ठित गायिका का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए तिरंगे में लपेटकर मुंबई के लोअर परेल में कासा ग्रांड स्थित उनके आवास पर रखा गया था। वे बानवें वर्ष की थीं। फिल्म, राजनीति और खेल जगत से जुड़े लोगों सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग की ओर से डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर समग्र शिक्षा समागम का आयोजन पटना के बापू सभागार में किया गया। इस मौके पर विभाग द्वारा संचालित डॉक्टर भीवरामव अम्बेडकर आवासीय विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विद्यार्थियों को बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने की।

---

दिव्यांग संगठनों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन से राजभवन में मुलाकात की। इस मौके पर दिव्यांग संगठनों की ओर से राज्यपाल को सात सूत्री मांग का ज्ञापन सौंपा गया। दिव्यांग बच्चों की बनाई पेंटिंग राज्यपाल को सौंपी गई।

———————————————————————

आज राजधानी पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में 'माय बजट क्वेस्ट बिहार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बजट से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें हजारों युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री टाइगर ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं में आर्थिक और सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता बढेगी।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के शंकरपुर प्रखंड के मौजमा निवासी रूपेश कुमार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद में शामिल हुए। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय से एमएड की पढ़ाई कर रहे रूपेश का चयन **'माई भारत बजट क्वेस्ट'** दो हजार छब्बीस के फाइनल राउंड के लिए हुआ था।

———————————————————————

छात्र राजद का नाम बदलकर 'सोशलिस्ट स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया'कर दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने छात्र संगठन के नाम में बदलाव की घोषणा की।

———बाइट———

———————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के विभिन्न भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान

उनचालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण जिले में बाकरपुर–मानिकपुर फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेपी सेतु के समानांतर बन रहे पुल की प्रगति का भी जायजा लिया।

---

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात अपराधी मोहम्मद डेविड उर्फ मोहम्मद गुलाब उर्फ लालू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं।

---

नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत कमलापुर रोड पर एक स्कूल वाहन के पलट जाने से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि बीस से अधिक बच्चे घायल हो गए।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनकी सरकार इतिहास बनाने जा रही है।

02 नारी वंदन अधिनियम पास कराने के लिए विशेष सत्र सोलह अप्रैल से। भाजपा ने सभी सांसदों की उपस्थिति के लिए व्हिप जारी किया।

03. प्रदेश में नई सरकार के लिए तैयारियां अंतिम चरण में। कल होगी एनडीए विधानमंडल दल की बैठक।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने लैंड फोर जॉब्स मामले में दर्ज केस को रद्द करने से किया इनकार। पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद को अदालत में पेशी से मिली छूट।

---

समाप्त